## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 13.10.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक-41 / JJM-2 / 07 दिनांक 13/10/2022

जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग-1 के शा0दे0-95/छिहत्तर-1-2020-20 स्वजल/2010 टी0सी0-अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38-5-2010-20 स्वजल/2010(टी0सी0-अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 13.10.2022 को आयोजित की गई। जिसमे निम्न सदस्य उपस्थित थे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद। | -उपाध्यक्ष |
| 2. | अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम फर्रूखाबाद। | -सदस्य सचिव |
| 3. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 4. | प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 5. | जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 6. | जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 7. | परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 8. | जिल बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 9. | अधिशासी अभियन्ता सिचाई विभाग फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 10. | जिला कृषि अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 11. | जिल सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी फर्रूखाबाद। | -सदस्य |
| 12. | सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद। | -सदस्य |

(1.) डी0पी0आर0 विरचन कार्यः-

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" लखनऊ द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद फर्रूखाबाद के 14 नग पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह संयोजन इत्यादि का प्राविधान किया गया है, प्रत्येक प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति (परकैपिटा) लागत रू0 6400 के अन्दर एवं जल जीवन मिशन की गाइड लाइन के अनुरुप है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रूखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षणोपरान्त 06 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो

(जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से कम है) को मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा शेष 08 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन, जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से अधिक है, को डा0 प्रदीप कुमार प्रोफेसर डिपार्टमेन्ट आफ सिविल इंजीनिरिंग एच0बी0टी0यू0 कानपुर ने अपने पत्रांक 528/CE/2022-23 दिनांक 27.09.2022 के द्वारा वैटिंग की गई है। उक्त प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा प्राक्कलनों का विस्तृत अध्ययन उपरान्त सभी प्राक्कलनों का स्वीकृत/अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को संस्तुति करने का निर्णय लिया गयाः–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | योजना मे सम्मिलित ग्राम पंचायतो की संख्या | योजना मे सम्मिलित राजस्व ग्रामो की संख्या | कुल लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फर्रुखाबाद | राजेपुर | चपरा | 1 | 3 | 317.86 |
| 2 | फर्रुखाबाद | नवाबगंज | गठवाया | 1 | 2 | 272.49 |
| 3 | फर्रुखाबाद | शमसाबाद | सैदपुर रहमदादपुर | 2 | 4 | 412.69 |
| 4 | फर्रुखाबाद | कमालगंज | गदनपुर तुर्रा | 1 | 1 | 497.18 |
| 5 | फर्रुखाबाद | कमालगंज | कुन्दन गनेशपुर | 2 | 3 | 455.06 |
| 6 | फर्रुखाबाद | कमालगंज | कन्झाना | 3 | 4 | 415.80 |
| 7 | फर्रुखाबाद | कमालगंज | मूसाखिरिया | 4 | 4 | 604.08 |
| 8 | फर्रुखाबाद | कायमगंज | जिजपुरा | 2 | 4 | 554.27 |
| 9 | फर्रुखाबाद | कायमगंज | गौरखेडा | 3 | 5 | 709.99 |
| 10 | फर्रुखाबाद | शमसाबाद | फरीदपुर सैदवाडा | 4 | 4 | 589.82 |
| 11 | फर्रुखाबाद | शमसाबाद | खगऊ | 4 | 5 | 558.02 |
| 12 | फर्रुखाबाद | शमसाबाद | कुइयनसंत | 4 | 4 | 594.19 |
| 13 | फर्रुखाबाद | शमसाबाद | कुँआखेडा खास | 2 | 3 | 593.32 |
| 14 | फर्रुखाबाद | शमसाबाद | गुसरापुर | 3 | 4 | 724.81 |
| | | योग | | **36** | **50** | **7299.51** |

(2) भूमि उपलब्धताः–

जनपद फर्रुखाबाद मे कुल 730 राजस्व ग्राम है जिनमे से जल जीवन मिशन मे फेज–II मैसर्स जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लिमिटेड हैदराबाद को 400 नये ग्राम एवं फेज–III वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0 लि0 जे0वी0 नोयडा को 330 ग्राम आवटिंत किये गये है। मैसर्स जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लिमिटेड हैदराबाद को 400 ग्रामों के विरूद्ध 400 ग्रामों में भूमि प्राप्त हो चुकी है। 400 ग्रामों के विरूद्ध 226 ग्रामों के 145 नग प्राक्कलन बनाये जा चुके है, जिसमे 142 नग प्राक्कलन शासन से स्वीकृत हो चुके है। मैसर्स जी0वी0पी0आर0 द्वारा तैयार किये गये 14 नग प्राक्कलनों में 50 राजस्व ग्राम सम्मिलित है। इस प्रकार अब तक

फेज–II के 400 राजस्व ग्रामों के विरूद्ध 276 राजस्व ग्रामों के प्राक्कलन तैयार किये जा चुके है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा शेष ग्रामों के प्राक्कलन शीध्र तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त फेज–III वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0 लि0 जे0वी0 नोयडा द्वारा 330 ग्रामों पर सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है। फर्म के प्रतिनिधि श्री टी0एन0 राव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान 330 ग्रामों के विरूद्ध 295 ग्रामों का स्थलीय भ्रमण कर लिया गया है। उक्त ग्रामों के ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा भूमि की उपलब्धता बताई गई है। लेकिन वर्तमान तक 160 ग्रामों के ही भूमि के प्रस्ताव प्राप्त हुये है। फर्म के प्रतिनिधि श्री टी0एन0 राव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 34 राजस्व ग्रामों के 15 नग प्राक्कलन विरचन का कार्य प्रगति पर है जिन्हे एक सप्ताह में तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद को प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया है।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति**
**फर्रूखाबाद**

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>
<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक ''राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगरलखनऊ।
3. जिलाधिकारी फर्रूखाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद
5. मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद।
6. जिला प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
9. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद।
10. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद।
11. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, फर्रूखाबाद।
12. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद।
13. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद।
14. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद।
15. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 हैदराबाद।
16. वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0 लि0 जे0वी0 नोयडा।

Arvind

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति**
**फर्रूखाबाद**